

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-16 सोमवार, दिनांक-15 मार्च, 2021 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.32 बजे अपराह्न तक ।**

सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही माननीय सदस्य श्री सत्यदेव राम द्वारा एक ही परिवार के कई सदस्यों द्वारा आत्महत्या का मामला उठाया गया ।

आसन द्वारा कहा गया कि इस विषय पर कार्य स्थगन भी प्राप्त हुआ है इसलिए सही समय पर इसे उठाया जाय ।

[1] **प्रश्नकाल** :-

(i) 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 04 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iii) 10 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1908 आपदा प्रबंधन विभाग में स्थानांतरित ।

(v) 10 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vi) 81 तारांकित प्रश्न अनागत ।

इस दौरान अल्पसूचित प्रश्न संख्या-50 के उत्तर से असंतुष्ट होकर नेता विरोधी दल सहित विपक्ष के लगभग सभी माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये ।

माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा कहा गया कि सदन में मंत्रिगण के विरूद्ध नाकारात्मक टिप्पणी नेता, विरोधी दल के द्वारा नहीं की जानी चाहिए ।

माननीय सदस्य, श्री नंद किशोर यादव द्वारा कहा गया कि सभी माननीय सदस्यों का मान बराबर है चाहे वह मंत्री हो या नेता विरोधी दल हों या सदन के माननीय सदस्य हों । सभी माननीय सदस्यों को एक-दूसरे के मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए ।

**आसन द्वारा कहा गया कि आपने नियम के अनुकूल बातें रखी हैं । नियमावली के अनुसार ही सदन चलेगा । प्रतिपक्ष भी सत्ताधारी दल के अंग होते हैं इसलिए अल्पसूचित प्रश्न का समय समाप्त होने के बाद भी 10 मिनट तक नेता, विरोधी दल को पूरक प्रश्न पूछने का हमने अवसर दिया और माननीय मंत्री जी को निदेश भी दिया कि पूरक की जांच करवा लेंगे, गलत जबाव कोई दे तो इसकी भी समीक्षा करने का मैंने निदेश दिया है । हम समय से बंधे हैं कई सदस्यों का प्रश्न सूचीबद्ध है, सबको अवसर मिलना चाहिए । ज्यादा से ज्यादा प्रश्न पर माननीय सदस्य अपनी भागीदारी कर सकें आगे से इसका ख्याल रखें ।**

प्रश्नकाल समाप्ति के उपरांत विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन में वापस आ गए ।

**[2] आसन की सूचना:-**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज के लिए सूचीबद्ध 08 अल्पसूचित प्रश्नों में से 07 के उत्तर ऑनलाईन प्राप्त हुए हैं तथा तारांकित प्रश्नों में गृह विभाग के 98 प्रतिशत, सामान्य प्रशासन विभाग, वित्त विभाग, उद्योग विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, गन्ना उद्योग विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के शत-प्रतिशत उत्तर ऑनलाईन प्राप्त हुए हैं । इसके लिए विभागीय मंत्रियों को धन्यवाद दिया गया ।

**[3] कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री महबूब आलम, श्री सुदामा प्रसाद, श्री अरूण सिंह, श्री अजय कुमार, श्री रामबली सिंह यादव, श्री अमरजीत कुशवाहा एवं श्री मनोज मंजिल से प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री महबूब आलम द्वारा अपने कार्य स्थगन की सूचना को सदन में पढ़ा गया ।

आसन द्वारा कार्य स्थगन की सूचना पर सरकार को संज्ञान लेने का निदेश दिया गया ।

**[4] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री महबूब आलम | (ii) | श्री मुकेश कुमार यादव |
| (iii) | श्री मिथिलेश कुमार | (iv) | श्री ललन कुमार |
| (v) | श्री पवन कुमार यादव | (vi) | श्री रामबली सिंह यादव |
| (vii) | श्री अरूण सिंह | (viii) | श्री जय प्रकाश यादव |
| (ix) | श्री विजय कुमार खेमका | (x) | श्री ललित नारायण मंडल |
| (xi) | श्री अजीत शर्मा | (xii) | श्रीमती शालिनी मिश्रा |
| (xiii) | श्री समीर कुमार महासेठ | (xiv) | श्री मनोज मंजिल |
| (xv) | श्री कुंदन कुमार | (xvi) | श्री विद्या सागर केशरी |
| (xvii) | श्री राकेश कुमार रौशन | (xviii) | श्री अरूण शंकर प्रसाद |
| (xix) | श्री अजय कुमार | (xx) | श्री आनंद शंकर सिंह |
| (xxi) | श्री कृष्णनंदन पासवान | (xxii) | श्री संदीप सौरभ |
| (xxiii) | श्री अमरजीत कुशवाहा | (xxiv) | श्री अवध बिहारी चौधरी |
| (xxv) | श्री विनय कुमार | (xxvi) | श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव |
| (xxvii) | श्री पवन कुमार जायसवाल | (xxviii) | श्री मो० नेहालउद्दीन |
| (xxix) | श्री मुकेश कुमार रौशन | (xxx) | श्रीमती मंजू अग्रवाल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (xxxi) | श्री रण विजय साहू | (xxxii) | श्री अजीत कुमार सिंह |
| (xxxiii) | श्री सुधाकर सिंह | (xxxiv) | श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव |
| (xxxv) | श्री कुमार शैलेन्द्र | (xxxvi) | श्री सुदामा प्रसाद |
| (xxxvii) | श्री मो० अनजार नईमी | (xxxviii) | श्री प्रणव कुमार |
| (xxxix) | श्रीमती वीणा सिंह | (xl) | श्रीमती रेखा देवी |

माननीय सदस्य श्री महबूब आलम, श्री ललन कुमार, श्री ललित नारायण मंडल, श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं श्री सुदामा प्रसाद को उनकी शून्यकाल की सूचना के संक्षिप्त होने के कारण आसन द्वारा धन्यवाद दिया गया ।

**[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री कुमार शैलेन्द्र एवं अन्य सभासदों का श्रम संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री कुमार शैलेन्द द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, श्री जिवेश कुमार द्वारा इसके उत्तर के लिए समय की मांग की गयी, जिसपर आसन द्वारा इसे दिनांक-17.03.2021 (बुधवार) को सूचीबद्ध करने का निदेश दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार एवं अन्य सभासदों का श्रम संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, श्री जिवेश कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

**[6] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

माननीय सभापति राजकीय आश्वासन समिति, श्री दामोदर रावत द्वारा समिति का 292वां, 294वां, 295वां एवं 296वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.00 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[7] वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-10 (भवन निर्माण विभाग, समाज कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग तथा परिवहन विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय मंत्री, भवन निर्माण विभाग, श्री अशोक चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से भवन निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्री विजय शंकर दूबे द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव एवं इस पर प्रस्तुत कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री राजवंशी महतो

(ii) श्री मिथिलेश कुमार

(अध्यासी सदस्य, श्री प्रेम कुमार द्वारा आसन ग्रहण किया गया ।)

(iii) श्री राकेश कुमार रौशन

(iv) श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय
(v) श्री सउद आलम
(vi) श्री गोपाल रविदास
(vii) सुश्री श्रेयसी सिंह
(viii) श्री फते बहादुर सिंह
(ix) श्री मो० इजहार असफी
(x) श्रीमती ज्योति देवी
(xi) श्री प्रेम शंकर प्रसाद
(xii) श्री आबिदुर रहमान
(xiii) श्री मुसाफिर पासवान
(xiv) डा० सत्येन्द्र यादव
(xv) ई० शशि भूषण सिंह
(xvi) श्री सूर्य कान्त पासवान
(xvii) श्री विजय कुमार मण्डल

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(xviii) श्री मुरारी मोहन झा

तदुपरान्त माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग, श्री मदन सहनी द्वारा विभाग से संबंधित जानकारी से सदन को अवगत कराया गया ।

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मंत्री, भवन निर्माण विभाग, श्री अशोक चौधरी द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के लगभग सभी माननीय सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदुपरान्त माननीय सदस्य श्री विजय शंकर दूबे का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा भवन निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

**[8] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 33 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-16 मार्च, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-15.03.2021

**राज कुमार सिंह**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।